ऑल इंडिया एनसीसी ट्रैकिंग कैंप के दौरान कैडेट्स ने ऐतिहासिक स्थलों का किया भ्रमण

बिहारशरीफ। जवाहर नवोदय विद्यालय, राजगीर में आयोजित ऑल इंडिया राजगीर ट्रैकिंग कैंप-2026 के तीसरे दिन देशभर से पहुंचे 510 एनसीसी कैडेटों ने नालंदा और राजग. ीर के ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों का दीदार किया। कैंप कमांडेंट कर्नल अजय कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस शैक्षिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य कैडेटों को देश की समृद्ध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और गौरवशाली विरासत से रूबरू कराना था।

भ्रमण के दौरान कैडेटों को दो समूहों में विभाजित किया गया था। पहले समूह ने नालंदा के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया, जहां कैडेटों ने पांचवीं शताब्दी में स्थापित प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेषों को देखा। यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त इन अवशेषों को करीब से देखकर कैडेटों ने प्राचीन भारत की शिक्षा व्यवस्था और ज्ञान परंपरा की भव्यता को महसूस किया। इसके पश्चात उन्होंने चीनी यात्री



ह्वेनसांग की स्मृति में बने मेमोरियल हॉल और नालंदा पुरातत्व संग्रहालय का भी भ्रमण किया, जहां रखी प्राचीन मूर्तियों, सिक्कों और अभिलेखों के माध्यम से उन्हें इतिहास की गहरी जानकारी मिली।

वहीं, दूसरे समूह ने राजगीर के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। कैडेटों ने रत्नागिरि पहाड़ी पर स्थित सफेद संगमरमर से निर्मित विश्व शांति स्तूप के दर्शन किए, जो भगवान बुद्ध के शांति, अहिंसा और करुणा के संद. ेश का प्रतीक है। इसके बाद उन्होंने प्राकृतिक सौंदर्य से घिरे घोड़ा कटोरा झील के बीच स्थापित भगवान बुद्ध की विशाल प्रतिमा को देखा और इस स्थल की ऐतिहासिक व धार्मिक मान्यताओं से अवगत हुए।

कैंप में इंटर डायरेक्टरेट वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न निदेशालयों की टीमें पूरे उत्साह के साथ हिस्सा ले रही हैं। कैंप कमांडेंट कर्नल अजय कुमार ने कहा कि ट्रैकिंग कैंप कैडेटों को शारी. रिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय एकता को समझने का अनूठा अवसर प्रदान करता है, और ऐसे आयोजन युवाओं में अनुशासन, आपसी सहयोग व देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ बनाते हैं।

मुढ़ारी को नगर पंचायत में शामिल करने पर गांव में गरमाई राजनीति

बिहारशरीफ। हरनौत प्रखंड के मुढ़ारी गांव को नगर पंचायत में शामिल करने के मुद्दे पर इलाके की राजनीति गरमा गई है। रविवार दोपहर मुढ़ारी गांव स्थित पैक्स कार्यालय परिसर में पैक्स अध्यक्ष सह समाजसेवी राम प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और बुद्धिजीवियों की एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें कई लोगों ने गांव को नगर पंचायत में शामिल करने का समर्थन किया। बैठक में बताया गया कि मुढ़ारी का क्षेत्रफल और आबादी कम होने के कारण पर्याप्त विकास राशि नहीं मिल पाती है, जिससे कई कार्य अधूरे रह जाते हैं। समर्थकों का तर्क है कि नगर पंचायत में शामिल होने से गांव में स्ट्रीट लाइट, बेहतर साफ-सफाई, कूड़ा-कचरा उठाव जैसी शहरी सुविधाएं मिलेंगी और आवास योजना के तहत मिलने वाली राशि में भी वृद्धि होगी। दूसरी ओर, इस मुद्दे पर गांव के लोग बंटे नजर आ रहे हैं। इससे पहले 29 अक्टूबर 2026 को सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन कर अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा था, जिसमें विरोधियों का तर्क था कि अधिकांश आबादी खेती-किसानी पर निर्भर है और नगर पंचायत बनने से विभिन्न प्रकार के टैक्स का बोझ बढ़ जाएगा, जिसे किसान वहन नहीं कर पाएंगे।

इस संबंध में हरनौत नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सौरभ सुमन ने स्पष्ट किया है कि नगर पंचायत की ओर से अभी तक किसी भी गांव को शामिल करने के लिए चिह्नित नहीं किया गया है, और परिसीमन पर पुनर्विचार हेतु नगर आयुक्त को पत्र भेजा गया है। बहरहाल, विकास बनाम टैक्स के इस मुद्दे पर मुढ़ारी गांव में सरगर्मी लगातार तेज हो रही है।



आपसी विवाद के बाद युवती ने जहर खाकर की आत्महत्या

बिहारशरीफ। वेना थाना क्षेत्र के वनवारीपुर-मोरा गांव में शनिवार की शाम आपसी विवाद से नाराज होकर 18 वर्षीय युवती ने जहर खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतका की पहचान श्यामसुंदर तांती की पुत्री चांदनी कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, घर के अन्य सदस्यों के बाहर रहने के दौरान चांदनी का अपने छोटे भाई से किसी बात को लेकर विवाद और मारपीट हो गया था, जिससे गुस्से में आकर उसने कमरे में खुद को बंद कर सल्फास की गोली खा ली।

काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई, जिसके बाद दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला गया और आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बिहारशरीफ में पटाखों के अवैध गोदाम पर प्रशासन ने की छापामारी

50 लाख के पटाखे जब्त कर गोदाम को किया गया सील और दर्ज करायी गयी प्राथमिकी

बिहारशरीफ। दीपावली और त्योहारी सीजन को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। इसी क्रम में बिहार थाना क्षेत्र के नेकु मियां फाटक के समीप स्थित एक मार्केट में पटाखों से भरे अवैध गोदाम पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया है। जब्त किए गए पटाखों की अनुमानित बाजार कीमत करीब 50 लाख रुपये आंकी गई है। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि इस गोदाम में बिना किसी वैध लाइसेंस के भारी मात्रा में पटाखों का अवैध तरीके से भंडारण किया गया था। बिहार थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गोदाम संचालकों द्वारा सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए अवैध रूप से पटाखों का स्टॉक किया गया था। गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पदाधिकारी किसलय श्रीवास्तव की कड़ी निगरानी में अंचलाधिकारी और पुलिस बल ने रविवार को संयुक्त रूप से छापेमारी की और मौके पर गोदाम को सील कर दिया। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, यह गोदाम ओमप्रकाश प्रसाद का बताया जा रहा है। इस अवैध भंडारण और सुरक्षा से खिलवाड़ के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस अब गोदाम मालिक की तलाश में जुट गई है और उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की जा रही है। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से अवैध पटाखा कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक पर नगर आयुक्त ने दिलाई पर्यावरण संरक्षण की शपथ

बिहारशरीफ। नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार के तत्वावधान में 1 से 7 नवंबर 2026 तक आयोजित होने वाले 'ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक' का शुभारंभ रविवार को बिहारशरीफ नगर निगम के स्मार्ट सिटी सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर आयुक्त कृत्यानंद रंजन ने दीप प्रज्वलित कर और कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत करते हुए किया।

इस अवसर पर नगर आयुक्त ने सभागार में उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को 'लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट' की विशेष शपथ दिलाई। उन्होंने सभी से स्वस्थ एवं पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने, दिनचर्या में योग के महत्व को शामिल करने तथा प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का जोरदार संदेश दिया।



उद्घाटन सत्र के पश्चात कार्यक्रम के अंतर्गत नगर निगम परिसर और आसपास के क्षेत्रों में वृक्षारोपण एवं विशेष स्वच्छता अभियान का भी आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में उप नगर आयुक्त शम्स रजा, नगर प्रबंधक साकेश कुमार, कुंदन कुमार, परमानंद प्रसाद सहित नगर निगम के कई अन्य पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे। बताते चले कि आगामी 7 नवंबर तक चलने वाले इस साप्ताहिक अभियान के दौरान शैक्षणिक संस्थानों, सिविल सोसायटी संगठनों, युवा समूहों और विभिन्न सामाजिक हितधारकों के सक्रिय सहयोग से व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता व सामुदायिक गतिविधियां चलाई जाएंगी। इसका मुख्य उद्देश्य एक स्वच्छ, स्वस्थ और सतत जीवनशैली को जन-आंदोलन का रूप देना है, ताकि भावी पीढ़ी के लिए एक हरा-भरा और प्रदूषणमुक्त माहौल सुनिश्चित किया जा सके।



बिहार अनुसचिवीय कर्मचारी संघ की बैठक में इस्लामपुर सीओ के व्यवहार पर नाराजगी

बिहारशरीफ। बिहार अनुसचिवीय कर्मचारी संघ जिला शाखा नालंदा की सामान्य परिषद की बैठक स्थानीय जिला महासंघ कार्यालय, बिहारशरीफ में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष शौकत करीम ने की। बैठक की शुरुआत में जिलाध्यक्ष ने संघ के सभी नवनिर्वाचित कर्मियों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए संगठन को अधिक मजबूत बनाने की अपील की। जिला मंत्री ज्योति सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि लगातार कर्मियों की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं, जिसमें सेवा संपुष्टि, एसीपी और प्रोन्नति के मामले लंबे समय से लंबित हैं। उन्होंने बैठक में इस्लामपुर अंचलाधिकारी द्वारा एक कर्मी के बाल खींचकर किए गए अभद्र व्यवहार का कड़ा जिक्र करते हुए कहा कि संगठन इस घटना की तीव्र निंदा करता है।

बैठक को जिला महासंघ नालंदा के जिलाध्यक्ष संजय कुमार, सहायक जिला मंत्री जयवर्धन व नदीम, कोषाध्यक्ष धीरज कुमार और अनुसचिवीय कर्मचारी संघ के पूर्व जिला मंत्री अरविंद कुमार ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने आगामी 12 दिसंबर को पुरानी पेंशन बहाली एवं अन्य लंबित मांगों के समर्थन में होने वाले राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी साथी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए जल्द से जल्द दिल्ली का टिकट बुक कराएं और 12 दिसंबर को रामल. ीला मैदान, दिल्ली में आयोजित प्रदर्शन को पूरी तरह सफल बनाएं।

विचार-विमर्श के उपरांत बैठक में सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। इसके तहत इस्लामपुर अंचलाधिकारी द्वारा कर्मियों के साथ किए जा रहे अभद्र व्यवहार के मामले में प्राप्त लिखित आवेदन के आधार पर जिला पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्राचार करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा, अनुसचिवीय कर्मचारियों की प्रोन्नति के मामलों को लेकर जिलाधिकारी नालंदा को पत्राचार करने और शिष्टमंडल के साथ वार्ता करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में रविंद्र कुमार, सत्येंद्र कुमार, कुंदन कुमार, अमित कुमार, प्रदीप कुमार सिंह, मोहम्मद मोजम अली, अरस्तु कुमार, प्रेमजीत कुमार, शशि चंद्र प्रभाकर, दीपेश कुमार, प्रेम कुमार, मुन्ना लाल और एस.एम. ओरूज सहित दर्जनों कर्मी उपस्थित रहे।



सिलाव में शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

बिहारशरीफ। उत्पाद विभाग की टीम ने शनिवार की शाम सिलाव बाजार के नयागंज मोहल्ला में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 52 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने मौके से नयागंज मोहल्ला निवासी नीरज चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि आरोपी ने तीन बोरियों में शराब छिपाकर रखी थी। उत्पाद विभाग की टीम गिरफ्तार आरोपी को अपने साथ बिहारशरीफ ले गई है और इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य संलिप्त लोगों की पहचान के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

पोखर में डूबने से किशोर की मौत

बिहारशरीफ। मानपुर थाना क्षेत्र के लोटन गांव में रविवार को पोखर में डूबने से एक 13 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान शिव यादव के पुत्र सौरभ कुमार के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार, वह गांव के ही हाजी पोखर के पास शौच के लिए गया था, उसी दौरान पैर फिसलने या अन्य कारणों से वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। ग्रामीणों की मदद से किशोर को पानी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी सांसे थम चुकी थीं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि कागजी प्रक्रिया और पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है तथा मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।







